# वेतन जारी करने की मांग को लेकर डीयू के शिक्षकों ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका

नई दिल्ली।
दिल्ली विश्वविद्यालय से संबंद्ध 12 कॉलेजों में पिछले चार महीने से शिक्षकों एवं कर्मचारियों को वेतन न मिलने का मामला हाई कोर्ट पहुंच गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुछ शिक्षकों ने मंगलवार को हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की




है। याचिका पर सुनवाई 17 सितंबर को सुनवाई होने की संभावना है।
याचिका में कहा गया है कि शिक्षकों के अलावा अन्य कर्मचारियों को मई, जून, जुलाई और अगस्त के महीनों का वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। अधिवक्ता अशोक अग्रवाल और कुमार उत्कर्ष के माध्यम से याचिका दायर करने वाले आठ शिक्षकों ने कहा कि वे दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (ष्ठ्ठ) के सदस्य हैं। याचिका में वेतन देने के लिए दिल्ली सरकार को आदेश देने की मांग की गई है।

**तीन दिन हड़ताल की घोषणा**
वहीं, दिल्ली विश्वविद्यालय से संबंद्ध 12 कॉलेजों में चार महीने से शिक्षकों एवं कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने के मामले में डूटा (दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ) ने तीन दिन हड़ताल की घोषणा की है। डूटा ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों से 16, 17 एवं 18 सितंबर को हड़ताल में शामिल होने की अपील की है।
डूटा के उपाध्यक्ष आलोक रंजन पांडेय ने कहा कि सरकार ने कुछ कॉलेजों के लिए धनराशि जारी जरूर की है, लेकिन वह अपर्याप्त है। इसलिए शिक्षक संघ ने हड़ताल का फैसला किया है। हमारी बस यही मांग है कि दिल्ली सरकार शिक्षकों की पीड़ा समझे और अनुदान जारी करे। हालांकि, डूटा के भूतपूर्व कोषाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने सोमवार को एक ऑनलाइन प्रेसवार्ता में कहा कि शिक्षकों को वेतन नहीं मिलने का मामला डूटा ने प्रभावी ढंग से नहीं उठाया। डूटा को इस मामले को लेकर सड़कों पर उतरना चाहिए।

**ऑनलाइन कक्षाओं से 50 फीसद छात्र नदारद**
केशव महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन शिक्षा एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के अंदर सामाजिक न्याय की लड़ाई विषय पर ऑनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया। मुख्य वक्ता प्रो. हंसराज सुमन ने कहा कि लैपटॉप, स्मार्टफोन आदि के अभाव के चलते छात्र ऑनलाइन कक्षाओं में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। फिलहाल तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की कक्षाएं ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। इन कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति 40 से 50 फीसदी है जो छात्र कक्षा ले रहे हैं उनके पास अध्ययन सामग्री का अभाव है।

# निगम टैक्स बढ़ा कर कारोबारियों का मनोबल तोड़ रही भाजपाः दुर्गेश पाठक




**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में टैक्स बढ़ोतरी को लेकर भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि कई तरह से कर वृद्धि कर व्यापारियों का मनोबल तोड़ने की कोशिश कर रही है जिससे यहां के करीब 20 से 25 हजार व्यापारी और ट्रेडर प्रभावित होंगे।
आप के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा शासित निगम ने किराए पर लिये गये वाणिज्यिक और औद्योगिक भवन पर 100 प्रतिशत टैक्स बढ़ा दिया है, खाली व्यावसायिक भवनों पर टैक्स में 50 प्रतिशत और खाली भूमि पर 66 प्रतिशत की वृद्धि कर दिया है। बैंक्वेट हॉल, मैरिज हॉल, होटल और गेस्ट हाउस पर 25 प्रतिशत टैक्स वृद्धि की है और स्कूलों पर 200 प्रतिशत से अधिक टैक्स बढ़ाया है। एसडीएमसी ने टेलीकॉम टावरों के लिए 200 प्रतिशत, क्लबों और मनोरंजन टॉवरों के लिए 36 प्रतिशत टैक्स बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय में भाजपा द्वारा किया गया यह कृत्य अमानवीय है और भाजपा अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए लोगों पर टैक्स में वृद्धि कर रही है। अपने भ्रष्टाचार के कारण भाजपा शासित एमसीडी अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रही है। आप नेता ने कहा कि पिछले 14 सालों से भाजपा के एमसीडी में भ्रष्टाचार और अक्षमता के कारण पूरी एमसीडी का दिवालापन निकल चुका है। उस दिवालेपन की भरपाई भाजपा के नेता इस कोरोना काल में आपदा को अवसर में बदल कर कर रहे हैं। आज भाजपा की एमसीडी के अंदर किसी भी कर्मचारी, कोरोना से लड़ रहे डॉक्टर, नर्स, शिक्षकों, सफाई कर्मचारियों और डेटा ऑपरेटरों सहित अन्य किसी को भी वेतन नहीं मिल रहा है। इसका एक ही कारण है और वो है भाजाप नेताओं का भ्रष्टाचार।
उन्होंन कहा कि इस पूरी परिस्थिति का फायदा उठाने और भरपाई करने के लिए भाजपा दिल्ली की जनता का खून चूसने का काम कर रही है। हर 15-20 दिनों में वह टैक्स बढ़ाने का काम कर रहे हैं। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में उन्होंने टैक्स बढ़ाया, पूर्वी और उत्तरी दिल्ली नगर निगम में टैक्स बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। आज साउथ एमसीडी के अंदर एक ऐसा नोटिफिकेशन जारी किया गया है जिसके द्वारा इस कोरोना काल के अंदर दिल्ली के व्यवसायी और अन्य लोगों का मनोबल, उनकी कमर तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा के नेता चोर दरवाजे से दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की जनता के ऊपर टैक्स ला रहे हैं, जिसके तहत लगभग 20 से 25 हजार व्यावसायी प्रभावित होंगे।
उन्होंने आगे कहा कि दक्षिणी निगम के अंदर आने वाले 20 से 25 हजार व्यावसायिक इकाइयों पर भाजपा मनमाने तरीके से 100 प्रतिशत, 200 फीसदी, 50 फीसदी, 67 फीसदी और 25 फीसदी टैक्स बढ़ा रही है। कोई जगह ऐसी नहीं है जहां इन्होंने टैक्स न बढ़ाया हो। यह बड़े गुनाह और अमानवीयता का काम है। कोरोना काल महामारी में पिछले आठ महीने में ठीक से लोगों की दुकानें नहीं खुली हैं, उनके काम बंद हो गये, लोगों का दिवाला निकल गया है। ऐसे समय में अमानवीय तरीके से टैक्स बढ़ाना बहुत ही गलत और निंदनीय है। इससे भाजपा का असली चरित्र लोगों के सामने आ गया है।

## गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में व्याप्त भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए एकजुट होंः सरना

**नयी दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल दिल्ली के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने कहा है कि उनके दल का मुख्य मकसद दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को 'बादल मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त' बनाना है और उनके इस उद्देश्य में जो भी उनका साथ देगा, उसका वह स्वागत करेंगे। श्री सरना ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि कमेटी में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने की घोषणा करने वाले एवं शिरोमणि अकाली दल (बादल) से इस्तीफा देने वाले गुरमीत सिंह शंटी का वह स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि कमेटी के प्रबंधन में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जो भी लड़ रहा है उसको हर संभव सहयोग देने को वह तैयार है।
सिख नेता ने कहा कि उन्होंने हमेशा सच्चे मन से गुरु घर की सेवा की है और सदैव भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बादल दल से संबंद्ध समिति प्रबंधन ने सभी मामलों में कमेटी को भारी नुकसान पहुंचाया है। कमेटी की हालत ऐसी कर दी गयी है कि अब कमेटी से जुड़े विद्यालयों के शिक्षकों को वेतन देने के पैसे नहीं बचे हैं। कमेटी के आर्थिक हालात बिगाड़ने के साथ ही पंथक मर्यादाओं का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने ऐसी स्थिति से निपटने और कौम को आगे बढ़ाने के लिए सभी से एकजुट होकर काम करने का आह्वान।

## सुदर्शन टीवी के यूपीएससी जिहाद कार्यक्रम की शेष कड़ियों के प्रसारण पर रोक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सुदर्शन टीवी पर यूपीएससी जिहाद कार्यक्रम के शेष पांच कड़ियों के प्रसारण पर मंगलवार को यह कहते हुए रोक लगा दी कि ऐसा लगता है कि शो के जरिए मुस्लिमों को निशाना बनाया जा रहा है।
न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने अंतरिम आदेश में कहा, हमने सुदर्शन टीवी न्यूज चैनल कार्यक्रम के शेष कड़ियों के प्रसारण पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।
न्यायालय ने सुदर्शन टीवी चैनल पर प्रसारित किये जा रहे उस कार्यक्रम के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया , जिसमें सिविल सेवाओं में मुसलमानों के चयन को लेकर आक्षेप किया गया था। न्यायालय ने टीवी चैनल पर कार्यक्रम दिखाए जाने के तौर-तरीके पर भी नाराजगी जतायी।
न्यायमूर्ति केएम जोसेफ ने कहा कि हमें इस पर बहस करने की आवश्यकता है कि क्या औरों को केवल एंकर के खिलाफ बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए।
न्यायालय ने कहा, हम गुरुवार को नागरिकों के हर वर्ग के लिए समानता और निष्पक्षता के अधिकार तथा संवैधानिक मूल्यों के संतुलन से संबंधित मामले पर विचार करेंगे।

## विधानसभा की समिति के समक्ष पेश नहीं हुए फेसबुक के अधिकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की शांति एवं सद्भाव समिति के समक्ष फेसबुक इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजीत मोहन पेश नहीं हुए। उन्हें समिति ने 15 सितंबर को पेश होने के लिए समन किया था। घृणा फैलाने वाले नियमों को लागू करने में जानबूझ कर निष्क्रियता के आरोपों में फेसबुक प्रबंध निदेशक को समन किया गया था।
दिल्ली विधानसभा की शांति एवं सद्भाव समिति के अध्यक्ष राघव चड्ढा ने कहा, प्रमुख गवाहों के बयानों के साथ-साथ उनकी तरफ प्रस्तुत की गई सामग्री व रिकॉर्ड में दोषी ठहराए जाने के आधार पर फेसबुक को समन जारी किया गया था, लेकिन उन्होंने उल्टा कमेटी को ही हिदायत दी है कि हम नोटिस को वापस ले लें। फेसबुक का कहना है कि यह मामला संसद की एक कमेटी के समक्ष विचाराधीन है। वैसे भी दिल्ली में कानून व्यवस्था केंद्र का विषय है, इसलिए हमें इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। विधायक राघव चड्ढा की अध्यक्षता वाली समिति ने फेसबुक इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजीत मोहन को 15 सितंबर को समिति के सामने उपस्थित होने के लिए नोटिस दिया था। समिति के मुताबिक ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि फेसबुक पर लगे आरोपों की जांच की जा सके। राघव चड्ढा ने कहा, गवाहों की तरफ से प्रस्तुत किए गए मजबूत साक्ष्य के संबंध में समिति का मानना है कि फेसबुक को दिल्ली दंगों की जांच में सह-अभियुक्त के रूप में आरोपित किया जाना चाहिए। राघव चड्ढा ने कहा, दुख के साथ बताना चाहूंगा कि फेसबुक के अधिकारियों ने एक पत्र के जरिए अपना जवाब भेजा है।

# पढ़ाई से न टूट जाए रिश्ता, मिशन दाखिला में जुट गए शिक्षक

नई दिल्ली।
-------------
नगर निगम स्कूलों के शिक्षकों ने कोरोना काल में जहां लॉकडाउन के दौरान राशन वितरण आदि कार्य किया। वहीं, अब यह शिक्षक घर-घर जाकर बच्चों को निगम स्कूलों में दाखिले दिलाने के लिए मुहिम चला रहे हैं। कोरोना के चलते सभी स्कूल बंद पड़े हैं, जिस



कारण अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों को दाखिला दिलाने नहीं आ रहे हैं। ऐसे में बच्चों को विद्यालय तक लाने का बीड़ा अब निगम के शिक्षकों ने उठा लिया है।

**इन तरीकों से कर रहे अभिभावकों को जागरूक**
इस मुहिम के तहत पूर्वी दिल्ली नगर निगम स्कूलों के शिक्षक घर- घर जाकर अभिभावकों से बात कर, उन्हें बच्चों का दाखिला कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पर्चे बांटना, लाउडस्पीकर पर गली- गली जाकर स्कूल चलो अभियान चलाना व आरडब्ल्यूए से बात करना आदि तरीकों को अपनाकर अभिभावकों व बच्चों को जागरूक किया जा रहा है।

**कोरोना के कारण कम हुए बच्चे**
मयूर विहार फेज 2 पॉकेट एफ स्थित नगर निगम विद्यालय के शिक्षक सत्येंद्र नागर ने बताया कि उनके सेवाकाल के दौरान पिछले 20 वर्षों में इस साल कोरोना के चलते पहली बार इतनी कम संख्या में बच्चों का प्रवेश हुआ है। जिस कारण अब शिक्षकों को घर घर जाकर अभिभावकों को समझाना पड़ रहा है कि स्कूल भले ही बंद हैं लेकिन वाट्सएप और वर्कशीट के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई जारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई छूट न जाए इसके लिए उन्हें तुरंत प्रवेश दिलाना बहुत जरूरी है। ऐसे ही पांडव नगर नगर निगम विद्यालय के शिक्षक सुरजीत सिंह रावत लगातार लाउडस्पीकर लेकर अभिभावकों को जागरूक करने के लिए अभियान चला रहे हैं। इस मुहिम से कुछ फायदा भी हुआ है, लोग दाखिला कराने स्कूल पहुंच रहे हैं।

**शिक्षक मास्?क और शारीरिक दूरी का खयाल रख कर लोगों से कर रहे बात**
वहीं, मंडावली गांव स्थित विद्यालय के इंचार्ज अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि उनके शिक्षक मास्क लगाकर व शारीरिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए क्षेत्र में जाकर लोगों को बता रहे हैं कि पढ़ाई के लिए बच्चों का विद्यालय में नामांकन करना बहुत जरूरी है। कई निगम शिक्षकों को पिछले कई महीनों से वेतन भी नहीं मिला है फिर भी वह पूरी मेहनत से बच्चों के लिए इस नेक कार्य में लगे हुए हैं। ऐसे में इस तरह निष्ठावान होकर कार्य करना सराहनीय है।

# तीसरी बार बढ़ा साप्ताहिक बाजारों का ट्रायल, बाजारों में शारीरिक दूरी बनाए रखने से बच रहे लोग

नई दिल्ली। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक बार फिर दिल्ली में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों के ट्रायल की तारीख तीसरी बार बढ़ा दी है। साथ ही एक जोन में सप्ताह में अलग-अलग दिनों में एक ही बाजार लगने की अनुमति भी दी है, जिससे कोरोना संक्रमण से भी बचा जा सकता है। वहीं, ट्रायल की तारीख बढ़ने के बाद सोमवार को दिल्ली के करोलबाग, पुरानी दिल्ली और लक्ष्मी नगर इलाके में साप्ताहिक बाजार लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने के लिए पहुंचे।
बता दें कि दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में दिनों के अनुसार



साप्ताहिक बाजार लगते हैं, जिनमें लोग खरीदारी करने के लिए पहुंचते। इसके लिए नगर निगम की जोन से संबंधित टीम इसकी देखरेख करती है। इसमें वह शारीरिक दूरी का पालन कराने के लिए तीन-तीन मीटर की दूरी पर दुकानें लगवाती हैं, जिससे लोगों के बीच शारीरिक दूरी बनी रहे। वहीं, सोमवार को करोलबाग और लक्ष्मी नगर इलाके में लगे बाजार में लोग खरीदारी करने के लिए पहुंचे। बाजार में दुकानें तो दूरी के हिसाब से लगी थीं, लेकिन इस बीच खरीदारी करने आए लोग शारीरिक दूरी के नियम का पालन करते हुए नहीं दिखे। हालांकि निगम और पुलिस कर्मचारियों ने लोगों से दूरी बनाए रखने की अपील की, जिससे वह संक्रमण से बच सकें।
करोलबाग बाजार में दुकान लगाने वाले संदीप कुमार ने बताया कि बाजार में निगम की टीम उनकी अलग-अलग दुकान लगवाती हैं। साथ ही सभी दुकानदार भी लोगों से लाइन में लगकर खरीदारी करने के लिए बोलते हैं, लेकिन कुछ लोग इन बातों को नहीं मानते हैं।

# लोकनायक अस्तपाल में रोजाना भर्ती हो रहे औसतन 100 कोरोना मरीज

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के सबसे बड़े अस्पताल लोकनायक में पिछले एक सप्ताह से भर्ती होने वाले कोरोना के मरीजों का आंकड़ा बढ़ने लगा है। अब यहां प्रतिदिन 100 के करीब मरीज भर्ती हो रहे हैं, जबकि पहले यह संख्या 40-50 तक थी। मंगलवार तक अस्पताल में कोरोना मरीजों के लिए आरक्षित 2000 बेड में से 732 बेड भर चुके थे।
अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि जब दिल्ली में कोरोना संक्रमितों के नए मामले सामने आने की संख्या घट गई थी तो अस्पताल में अधिकतर बेड खाली हो गए थे। अब पिछले एक हफ्ते से लगातार मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। अस्पताल का पूरा स्टाफ एक बार फिर कोरोना मरीजों के इलाज के लिए पूरी मुस्तैदी से जुट गया है। सभी मरीजों का पूरा खयाल रखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लोकनायक अस्पताल को दिल्ली सरकार ने कोविड अस्पताल बनाकर कोरोना के मरीजों के इलाज के लिए अधिकृत कर रखा है। यह व्यवस्था कोरोना संकट की शुरुआत में ही कर दी गई थी। बता दें कि दिल्ली में पांच दिन बाद सोमवार को कोरोना के मामले चार हजार से कम आए। इसका कारण यह है कि पिछले दिनों के मुकाबले थोड़े कम सैंपल की जांच हुई। पिछले 24 घंटे में 44,884 सैंपल की जांच की गई।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 15205016 | हाइड्रोलिक स्ट्रेटिनिनग मशीन | 01 नग | 13–10–20 |
| 02 | 08201528 | रिले, ए सी इम्यूनाइज्ड, प्लग इन टाइप, स्टाइल | 1220 नग | 19–10–20 |
| 03 | 02202510A | वी.आर.एल.ए. बैट्री 1100 ए एच, 110 वोल्ट | 149 सेट | 06–11–20 |

निविदा शर्तें :– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 24 / 2020–2021 2006/2020
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Morning Glory Leasing and Finance Limited**
Regd. Off: Iris House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046
Email: morninggloryleasing@gmail.com, Website: www.morninggloryleasing.in
CIN: L67120DL1984PLC018872, Tel. No.: +91 11 47119100
**STATEMENT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2020** (In Rs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended 30.06.2020 Unaudited | Quarter Ended 30.06.2019 Unaudited |
|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 1,25,000 | 52,498 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax before Exceptional items) | 788 | 5,853 |
| 3 | Net Profit for the period (before Tax after Exceptional items) | 788 | 5,853 |
| 4 | Net Profit for the period (after Tax after Exceptional items) | 788 | 5,853 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 25,76,669 | (32,22,654) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each) | 24,90,000 | 24,90,000 |
| 7 | Earnings Per Share (of ₹ 10/- each)(Not Annualised) | | |
| | 1. Basic | 10.35 | (12.94) |
| | 2. Diluted | 10.35 | (12.94) |

NOTES :
1 The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at its meeting held on 15th September, 2020.The un-audited financial results for the quarter ended June 30,2020 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2 The above is an extract of the format of unaudited quartlerly Financial Results filed with the stock exchanges under the Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full formats of un-audited quartlerly Financial results are available on the stock exchange website i.e.www.msei.in and on the Company's website www.morninggloryleasing.in.
3 There is no change(s) in accounting policies which impact(s) on the net profit / loss and total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4 Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing & Finance Limited
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director
Place : New Delhi
Date : 15.09.2020



**AKS CREDITS LIMITED**
CIN: L65921DL1991PLC043544
Regd. Office: 6081, IInd Floor, Room No. 201 Gali Batashan, Khari Baoli, New Delhi 110006
**Financial Results for the quarter ended June, 2020**
Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR), 2015

| Sl No. | Particulars | Quarter ending 30.06.2020 | Year to date Figures 31.03.2020 | Corresponding 3 months ended 30.06.2019 in previous year |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 16,51,844 | 3,72,04,898 | 1,59,08,170 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 3,19,556 | 63,06,673 | 43,51,419 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 3,19,556 | 63,06,673 | 43,51,419 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 3,19,556 | 52,33,095 | 43,51,419 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 3,19,556 | 52,33,095 | 43,51,419 |
| 6 | Equity Share Capital | 11,00,00,000 | 11,00,00,000 | 11,00,00,000 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | (40,85,083) | (93,18,179) | (93,18,179) |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | |
| | 1. Basic: | 0.029 | 0.476 | 0.396 |
| | 2. Diluted: | 0.029 | 0.476 | 0.396 |

Note :
1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly financial results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI(Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulation, 2015 read with SEBI circular dated 05th July 2019. The full format is available on the website of the Company-www.akscredits.in and Website of Stock Exchange
2 The above results duly approved by Audit Committee, have been approved by Board of Directors in its meeting held on 15th September 2020.
3 These Financial results have been prepared in accordance with the recoginition and measurement principles laid down in the Ind AS 34 Interim Financial Reporting prescribed under Section 133 of Companies Act 2013 read with the relevant rules issued thereunder . The Date of transition to Ind AS is April 1, 2019. The Figures for the Quarters are also Ind AS Complimant. They have not been subjected to review or audit. However , the Management has exercised necessary due diligence to ensure that the financial results provide a true and fair view of its affairs.

By the order of the Board
For AKS Credits Limited
Sd/-
Atul Mahindru
(Whole Time Director)
Date : 15.09.2020
Place : New Delhi



**Nidhi Services Limited**
Regd. Off : 5/19-B, Roop Nagar, Delhi - 110007
Tel.: 011-43215145, Mobile: 09811021216
CIN : L65999DL1984PLC018077 E-mail: nidhiservicesltd@gmail.com
**Extract of Standlaone Un-Audited Financial Results of the Quarter ended on 30th June, 2020**
Amount (Rs. In Lacs)

| S. No. | Particulars | Current Quarter ending 30-Jun-20 | Previous year ending 31-Mar-20 | Corresponding 3 months ended in the previous year 30-Jun-19 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 7.08 | 66.52 | 11.57 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 4.56 | 56.74 | 9.45 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items and/or Extraordinary items#) | 4.56 | 56.74 | 9.45 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 3.56 | 50.99 | 8.45 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 3.56 | 27.98 | 8.45 |
| 6 | Equity Share Capital | 150.00 | 150.00 | 150.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | 243.91 | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | 1) Basic: | 0.24 | 3.40 | 0.56 |
| | 2) Diluted: | 0.24 | 3.40 | 0.56 |

The above results were reviewed by the Audit Committee and thereafter taken on record by the Board in its meeting held on September 14, 2020 and also Limited Review were carried out by the Statutory Auditors.
Note
a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI ( Listing Obligations and Disclosure Requirments) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's Website i.e (www.nidhiservicesltd.com) and on the website of the Stock Exchange (www.cse-india.com) and (http://www.msei.in/index.aspx)

For Nidhi Services Limited
Sd/-
Udit Agarwal
Whole Time Director
DIN: 00239114
PLACE : Delhi
DATE : 14.09.2020